हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025

11 नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र सशक्त होगाः गोयल



12 नगर परिषद ने शहर के 12 अवैध कचरा प्वाइंटों का




## खबर संक्षेप

### मलेशिया में दमखम दिखाएगा म्हारा छोरा

**चरखी दादरी।** आगामी तीन से पांच अक्टूबर तक मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में डब्ल्यूकेएफ कराटे के वन सीरिज ए यानि व्लर्ड रैंकिंग सीरिज का आयोजन होने जा रहा है। इस इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में उपायुक्त कैंप कार्यालय में कार्यरत गांव सरूपगढ़ निवासी आजाद सिंह का पुत्र कराटे खिलाड़ी अक्षय अन्य देशों के खिलाड़ियों के सामने चुनौती रखेगा। अक्षय सीनियर कैटेगरी 60 किलोग्राम भारवर्ग में देश की चुनौती रखेंगे।



### आढ़तियों ने मंडी परिसर में दिया धरना

**तोशाम।** तोशाम अनाज मंडी में सप्ताह बीत जाने के बाद भी बाजरे की फसल की खरीद नहीं होने पर मंगलवार को आढ़तियों ने मंडी परिसर में धरना दिया और बाजरे की खरीद शुरू करने की मांग की। इस दौरान आढ़तियों का कहना था कि खरीद एजेंसियां केवल बाजरे के सैंपल लेकर जाती हैं, लेकिन अब तक एक भी दाना खरीदा नहीं गया है। इससे किसान भारी परेशानी झेल रहे हैं। किसानों ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा किए जा रहे 'एक-एक दाना खरीदने' के दावे जमीनी स्तर पर झूठ साबित हो रहे हैं। मौके पर पहुंची मार्केट कमेटी सचिव सुदेश कुमारी ने हालात संभालने के लिए किसानों व आढ़तियों की बात वेयरहाउस एमडी से करवाई तब जाकर आढ़तियों द्वारा जाम खोल दिया गया।

### छह-सात को मनाई जाएगी महाराजा अजमीढ़ जयंती

**भिवानी।** महाराजा अजमीढ़ जयंती महोत्सव 6 और 7 अक्टूबर को भिवानी में बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दो दिवसीय समारोह का आयोजन श्रीक्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों के लोग उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। महोत्सव न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि समाज को एकजुट करने और अपनी सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर है। प्रधान हेमंत वर्मा व महासचिव अमित सोनी लांबा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 6 को शाम 6 बजे द्वीप प्रज्जलन से होगा। यह समारोह ढ़ाणा रोड पर निर्माणाधीन अजमीढ़ धर्मशाला में होगा।

### सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई तो तीन को होगा बड़ा फैसला

# बाजरे की खरीद शुरू नहीं होने के विरोध में किसान धरने पर बैठे

**नमी या दाने टूटने जैसी प्राकृतिक दिक्कतों पर सरकार दे छूट**

- 23 सितंबर से बाजरे की सरकारी खरीद करने का किया था वायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बाजरे की सरकारी खरीद शुरू न होने से नाराज किसानों का धरना भिवानी मार्केट कमेटी द्वार पर मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन (भाकियु) चंढूनी के जिलाध्यक्ष राकेश आर्य के नेतृत्व में किसान जल्द से जल्द बाजरे की सरकारी खरीद शुरू करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। धरने के दूसरे दिन किसानों को किसान मजदूर शोषीत मुक्ति मोर्चा का समर्थन मिला। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी सिंह श्योराण के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने धरने में शामिल होकर किसानों की मांग को जायज़ ठहराया। भाकियू चंढूनी के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने बताया कि आंदोलन को व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि जब तक सरकार बाजरे की खरीद शुरू नहीं करती, उनका यह धरना शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा। उन्होंने सरकार को चेतावनी भी दी है कि यदि जल्द ही सरकारी खरीद शुरू नहीं की गई तो 3 अक्तूबर को बड़ा फैसला लिया जाएगा। किसान अपनी मांग पूरी न होने पर आंदोलन को और तेज़ करने की रणनीति बना रहे हैं।

भाकियू चंढूनी के जिलाध्यक्ष राकेश आर्य ने कहा कि सरकार 22 सितंबर से खरीद शुरू करने के आदेश दे चुकी थी, लेकिन अब तक बाजरे की खरीद शुरू नहीं हुई है। किसान अपनी अगली फसल की बुआई के लिए पैसों की तंगी से जूझ रहे हैं। उन्हें अपनी मेहनत की फसल औने-पौने दामों पर निजी व्यापारियों को बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है। इस अन्याय को सहन नहीं किया जाएगा तथा जब तक एमएसपी पर खरीद शुरू नहीं होती, हमारा धरना जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के नाम पर खरीद को टाला जा रहा है, जबकि बारिश के कारण आई नमी या दाने टूटने जैसी प्राकृतिक दिक्कतों पर सरकार को छूट देनी चाहिए।






**भिवानी।** बाजरे की खरीद शुरू करवाए जाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान और बाजरे की खरीद न होने के बाद आराम फरमाते मजदूर।

### यह सरकार की वादाखिलाफीः पृथ्वी सिंह

इस मौके पर किसान मजदूर शोषीत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी सिंह श्योराण ने धरने को समर्थन देते हुए कहा कि किसान और आढ़ती, दोनों ही इस देरी से परेशान हैं। सरकार जान-बूझकर अपनी एजेंसियों को खरीद के लिए नहीं भेज रही है। यह सरकार की वादाखिलाफी है। सरकार को किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तुरंत खरीद सुनिश्चित करनी चाहिए।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर रोहताश झुंप्पा, राजेन्द्र सिंह डोहकी, वीरभान गिल, करतार गिल, जयपाल कोंट, रामपाल नंबरदार, प्रमोद यादव, सुरेंद्र यादव, रमेश यादव, सोनु चौहान, सतबीर जांगड़ा, राजबीर शर्मा, राजेश बीधवान, राजेश नंदगांव, आशा देवी, कमला, सुरत सिंह पहलवान जुई, सोमबीर ढुहन, दीपक बोहरा, समुन्दर सिंहमार, संम्मत राहड़ आदि अनेक किसान उपस्थित रहे।



**लोहारू।** एसडीएम मनोज दलाल को मांगों को लेकर ज्ञापने देते हुए किसान।

# किसानों ने कार्यालय स्थानांतरण रोकने को लेकर सौंपा ज्ञापन

- लोहारू में स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय भिवानी स्थानांतरित किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

संयुक्त किसान मोर्चे द्वारा उपमंडल कार्यालय लोहारू में जारी अनिश्चितकालीन महापड़ाव के 76वें दिन धरने को संबोधित करते हुए मास्टर दयानंद दमकौरा ने कहा कि लोहारू में स्थित सिंचाई विभाग कार्यालय लोहारू से भिवानी स्थानांतरित किया जा रहा है। जिससे लोहारू और सिवानी के क्षेत्रों की 42 नहरें प्रभावित होंगी। कार्यालय के स्थानांतरण को रोकने के लिए मंगलवार को किसानों ने एसडीएम मनोज दलाल को ज्ञापन सौंपा।

जिला प्रधान रामफल देशवाल ने बीमा कंपनी के कर्मचारियों द्वारा क्रोप कटिंग में की जा रही धांधली पर बोलते हुए बीमा कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

### इन्होंने किया संबोधित

मंगलवार को धरने की अध्यक्षता सतबीर ओबरा, मान सिंह, महावीर, कप्तान इंद्राज दमकौरा, सूरजभान गिगनाऊ और हरनारायण ने की। जबकि मंच संचालन मास्टर उमराव सिंह, सुरेश फरटिया और सुरेंद्र राठी ने किया। धरने को मास्टर जगरोशन, सूबेदार धनपत सिंह शहरयार पुर, रोहतास झुंपा कलां, मास्टर राम कुमार ढिल्लों, राजे राम पूर्व सरपंच अहमदवास खेड़ा, शेर सिंह चहड़ कलां, कृष्ण बिधनोई, बलवान बैराण, हरचंद नेहरा, चुन्नी लाल पूर्व सरपंच बराल, आजाद सिंह भूंगला ने संबोधित किया।




भिवानी ।बाजरे की खरीद शुरू करवाए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए।

# बाजरे की सरकारी खरीद शुरू करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

अखिल भारतीय किसान सभा ब्लाक कमेटी ने नई अनाज मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तथा राज्य सरकार को आगाह किया कि किसानों की उपेक्षा करना उसके लिए भारी पड़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सभा की ब्लाक प्रधान संतोष देशवाल ने की।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला रामफल देशवाल, उप प्रधान कामरेड ओमप्रकाश व संयुक्त सचिव डा. बलबीर ठाकन ने कहा कि राज्य सरकार ने 23 सितंबर से बाजरे की सरकारी खरीद करने का वायदा किया था और मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्री व विधायक किसानों से घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एक-एक दाना खरीदने का हर कार्यक्रम में वायदा दोहराते है। परंतु अनाज मंडी इतना बाजरा आ गया है कि मंडी में बाजरा रखने की जगह नहीं है। किसान नेताओं ने राज्य सरकार व प्रशासन पर आरोप लगाया कि वे बाजरे की क्वालिटी नोरमज का बहाना बनाकर बाजरे की सरकारी खरीद करना ही नहीं चाहते। इसलिए किसान को लुटने के लिए उसके हाल पर छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 22 जिलों में बाढ़ व जलभराव से खरीफ फसलें बर्बाद हो गई है। लोगों के घरों में पानी भर गया है तथा गरीबों के मकान गिर गए है, राज्य सरकार व प्रशासन अब तक जलभराव की निकासी भी नहीं करवा सका है। किसान जनता डीएपी/ यूरिया खाद के लिए दर दर भटक रही है और जो किसान प्राकृतिक आपदा का मुकाबला करते हुए कुछ बाजरे की फसल बचाकर मण्डी में ले आए, उसको सरकार खरीद नहीं रही है।

**अन्याय सहन नहीं होगाः** यह किसानों के साथ घोर अन्याय है, जिसे सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के इन्हीं मुद्दों को लेकर 4 अक्तूबर को किसान सभा हरियाणा की तरफ से फतेहाबाद जिले के भट्टू कंला में राज्य स्तरीय रैली होगी, जिसमें प्रदेशभर से हजारों किसान भाग लेंगे।

### ये हुए शामिल

प्रदर्शन में किसान सभा के प्रताप सिंह सिंहमार, बलजीत मोखरा, महाबीर फौजी, रण सिंह निमड़ीवाली, सुरजीत आसलवास मरेठा, रामचंद्र सैनी, निर्मल सिंह नाथूवास, नरेश शर्मा, राजेन्द्र प्रजापति, ओमप्रकाश दलाल, अभिषेक शर्मा शामिल रहे।

### बलियाली जमालपुर मार्ग पर घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**बवानीखेड़ा।** गांव बलियाली से जमालपुर मार्ग पर साढ़े तीन करोड़ की लागत से बन रही बलियाली-जमालपुर रोड की गुणवत्ता पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। पंचायत और ग्रामीणों की सख्त आपत्ति के बावजूद ठेकेदार ने पुराने और घटिया स्तर के सीमेंट ब्लॉक लगाना शुरू कर दिया। जैसे ही लोगों को इसकी भनक लगी, मौके पर सरपंच सचिन और ग्रामीण पहुंच गए और हंगामा कर काम रुकवा दिया। सूचना मिलते ही पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ सुनील कुमार और जेई असलम मौके पर पहुंचे। उन्होंने ठेकेदार को पुराने ब्लॉक हटाने और नया माल लगाने के मौखिक आदेश दिए। विधायक ने दी कड़ी चेतावनी। मामले की जानकारी मिलने पर विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने भी विभागीय अधिकारियों से फोन पर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ कहा कि अगर दोबारा शिकायत मिली तो मुख्यमंत्री तक मामला पहुंचाया जाएगा और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करवाई जाएगी। बलियाली जलघर से लेकर बलियाली सब-माइनर तक सीमेंट ब्लॉक लगाने का काम चल रहा है। तीन दिन पहले भी ग्राम पंचायत ने घटिया सामग्री को लेकर नाराजगी जताई थी।

# सांवड़ में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में डीसी ने सुनीं जनसमस्याएं

- पुराने समय की तरह लोगों को सफाई के लिए आगे आना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

पुराने समय की तरह लोगों को सफाई के कार्य में स्वयं आगे आकर सहयोग करना होगा, तभी स्वच्छता नजर आएगी। पहले लोग अपने घर के सामने ही नहीं बल्कि पूरी गली को साफ किया करते थे, जिससे गंदगी नहीं होती थी, ऐसी सोच दोबारा से आगे बढ़ाने की जरूरत है। ये उद्गार सांवड गांव में आयोजित



रात्रि ठहराव के दौरान उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने तब प्रकट किए जब गांव के लोगों ने साफ सफाई को लेकर शिकायत की। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा, एसडीएम योगेश सैनी व जिला परिषद के सीईओ डॉ. विरेन्द्र सिंह सहित जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी ने समाधान शिविर व रात्रि ठहराव कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेशभर में अनोखी शुरुआत की है, जिसका सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। रात्रि ठहराव में विभिन्न विभागों ने अपनी स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों-कर्मचारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को उनका पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। विभागीय अधिकारियों ने मंच से भी अपनी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उनका फायदा उठाने की पूर्ण प्रक्रिया से अवगत करवाया।

# एडीसी ने विक्रेताओं पर 6. 72 लाख का जुर्माना लगाया

- एडीसी ने खाद्य पदार्थों में अनियमितताओं से संबंधित केसों की सुनवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एडीसी दीपक बाबूलाल कारवा ने लघु सचिवालय परिसर में खाद्य पदार्थों के मिसब्रांडेड, सब्सटेंडर्ड, लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन से संबंधित केसों की सुनवाई की। खाद्य पदार्थों से संबंधित विभिन्न केसों में सुनवाई के दौरान अनियमितताएं जैसे मिसब्रांडेड, सब्सटेंडर्ड, बिना लाइसेंस व पंजीकरण के खाद्य पदार्थ बेचने वाले विक्रेताओं पर छह लाख 72 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

एडीसी ने खाद्य पदार्थों में अनियमितताओं से संबंधित केसों की सुनवाई के दौरान हिमांशु, श्रीजी फूड प्रोडक्ट के देसी घी, सीताराम के घी व फैट पनीर के केस की अनियमितता पर एक लाख 62 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। एडीसी ने अन्य विक्रेताओं-दुकानदारों-कंपनियों पर खाद्य पदार्थों में व अन्य लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन न करवाने पर पांच लाख 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। सुनवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पुनीत शर्मा भी मौजूद रहे। एडीसी ने केसों की सुनवाई के दौरान संबंधित विक्रेताओं को भविष्य में रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस निर्धारित समय अनुसार नवीनीकरण करवाने की चेतावनी दी। एडीसी ने आमजन से भी आह्वान किया है कि यदि कोई खाद्य पदार्थ बनाने, बेचने, मैन्युफैक्चरिंग, स्टोर करने, पैकिंग करने व आयात-निर्यात करने के दौरान समान अवमानक और यदि उस समान पर मानक अंकित नहीं पाया जाता है, तो इसकी सूचना जिला खाद्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग को दें ताकि अनियमितता मिलने पर संबंधित विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

### पुलिस ने किया बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे फोड़ने पर 34 हजार का जुर्माना

**बवानीखेड़ा।** कस्बे में इन दोनों पुलिस सक्रिय हो रही है क्योंकि अवैध रूप से बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर मनचले बाजारों तथा मुख्य मार्ग पर साइलेंसर से पटाखे फोड़ रहे हैं। इन्हीं को लेकर पुलिस ने मुहिम चलाई हुई है जिसके चलते बाइकों रुकवा कर उनके साइलेंसर आदि चेक किए जाते हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि इसी के चलते गत रात्रि कस्बे के सामान्य बस अड्डे के पास से सूचना मिलने पर बुलेट बाइक सवार युवक जो कि नजदीकी गांव पुर का निवासी बताया गया है। उस के बाइक को रुकवाया तथा जांच की गई तो उसमें से पटाखे आदि फोड़ने की आवाज आई। पुलिस ने बाइक को इंपाउंड कर पुलिस स्टेशन ले आए तथा बाइक चालक के हाथ में 34हजार का जुर्माने का नोटिस थमा दिया।



**भिवानी।** सोमवार को कस्बे के खाद बिक्री केन्द्रों पर खाद के लिए उमड़ी भारी भीड़। फोटो : हरिभूमि

# खाद लेने उमड़ी किसानों की भीड़, प्रशासन के हाथ पैर फूले

- पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर किसानों की लाइने बनवाकर बंटवाई खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

गांव कादमा, धारणी व धनासरी सहकारी केन्द्र पर खाद पहुंचते ही इंतजार में बैठे किसानों में पहले पाने की होड़ मच गई और खरीद अधिकारियों व भीड़ को संभालने पहुंचे कृषि विभाग, प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। कारीधारणी, कादमा पैक्स केन्द्रों पर एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसानों को लाईन लगाकर खाद वितरण की गई।

किसानों ने सरकार पर जान बूझकर समय पर खाद उपलब्ध नहीं करवाने का आरोप लगाया। गांव कारीधारणी व कादमा स्थित सहकारी खाद वितरण केन्द्र पर रात्रि को खाद पहुंचने का समाचार मिलते ही सुबह चार बजे ही क्षेत्र के पुरुष व महिला किसान पहुंच गए और पहले खाद लेने के लिए अड़ गए। उपमंडल के चालीस गांवों के किसानों के लिए मात्र दो हजार बैग आने से हालात खराब हो गए। किसान एक दूसरे से पहले आने की बात कहकर व खरीद अधिकारियों पर जल्दी से जल्दी खाद देने की मांग करने लगे, जिससे हालात खराब हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थिति को नियंत्रण कर सभी किसानों को लाइनों में लगाकर खाद वितरण करवाई। खाद लेने आए किसान संदीप सांगवान, रामकिशन, कपूर सिंह, नरेश, आनंद, बीरमति, संतोष, कमला व भतेरी आदि ने बताया कि उपमंडल क्षेत्र के खाद केन्द्रों में पिछले लंबे समय से नाममात्र की डीएपी खाद आ रही है।

### हलकी बूंदाबांदी से किसानों के चेहरे खिले

# बूंदाबांदी से पांच डिग्री लुढ़का पारा, गर्मी से मिला छुटकारा

- पिछले तीन चार दिनों से लोग गर्मी व उमस से थे बेहाल
- जलभराव वाले इलाकों में लोगों की परेशानी बढ़ी
- पारा 36 से 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मंगलवार को मानसून की विदाई के वक्त जिले में हलकी बूंदाबांदी से पांच डिग्री सेल्सियस पारा लूढक गया। 37 डिग्री सेल्सियस से पारा लूढक कर 32 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। पिछले तीन चार दिनों से लोग गर्मी व उमस से बेहाल थे। हलकी बूंदाबांदी होने से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई।

दूसरी तरफ जिन इलाकों में जलभराव की समस्या थी। उन के लिए तो आफत बरसी है, लेकिन जिन इलाकों में बिजाई के लिए भूमि को नमी की जरूरत थी। वह आज पूरी हो गई। हलकी बूंदाबांदी से किसानों के चेहरे खिल उठे।



मंगलवार दोपहर तक गर्मी के लोगों को परेशान किए रखा। उमस की वजह से लोग पंखे व कूलरों के नीचे बैठे नजर आए,लेकिन दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए। कुछ देर बाद हलकी बूंदाबांदी शुरू हो गई। कुछ देर तक हलकी बूंदबांदी होती रही। बूंदाबांदी के बाद 37 डिग्री सेल्सियस से लूढक कर पारा 32 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। पारा नीचे आते ही लोगों को गर्मी व उमस से छुटकारा मिल गया। पिछले कई दिनों से पारा 36 से 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचा था। आज बूंदाबांदी से एकदम पारा नीचे आ गया और लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों का तर्क है कि हलकी बूंदाबांदी के बाद मौसम में गर्मी की बजाए नमी का अहसास होने लगेगा।

### रबी फसलों की होगी बिजाई

आज दोपहर बाद हुई हलकी बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे। चूंकि इस वक्त खरीफ फसलें पक कर तैयार हो चुकी और अगली रबी की फसल की बिजाई का कार्य शुरू होने वाला है। रबी फसल की बिजाई के लिए खुश्क इलाकों में नमी की कमी थी। पर आज हलकी बूंदाबांदी से रबी फसल की बिजाई के लिए पर्याप्त नमी बन गई है और सही ढंग से गेहूं, जौ व सरसों की फसलों की बिजाई हो सकेगी।



# महाकाली से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक

**मुंबई।** हनुमान फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा एक बार फिर पौराणिक कथाओं पर आधारित एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है महाकाली। अब फिल्म महाकाली से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक सामने आया है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय खन्ना काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चारों ओर अंधेरा है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय सफेद रंग के बड़े बालों और बड़ी दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। उनके सिर पर ऋषियों की तरह जूड़ा भी बंधा हुआ है। उनकी एक आंख पूरी तरह से सफेद नजर आ रही है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय को पहचानना पूरी तरह से मुश्किल लग रहा है।


लाइफ Style

# हुमा
## अरेंज मैरिज और प्यार के बीच फंसी

हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म सिंगल सलमा का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। शादी को केंद्र में रखते हुए सिंगल सलमा एक ट्रैंगल कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में भरपूर कॉमेडी और ड्रामा देखने को मिल रहा है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

2 मिनट 16 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर और लखनऊ के रूमी दरवाजा के साथ होती है। इस वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'हिंदुस्तान में कॅरियर और सक्सेस चाहे जितना कमा लीजिए, असली प्रमोशन सिर्फ एक चीज में है अब शादी कर लो।' इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है कुंवारी सलमा यानी हुमा कुरैशी की। फिर शुरू होता है सलमा की शादी कराने का प्रयास। एक-एक करके किरदार और कैंडिडेट आते जाते हैं। इसी दौरान ट्रेलर में कॉमेडी होती रहती है। इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है श्रेयस तलपड़े की, जो एक सीधे-सादे सलमा की ही उम्र के व्यक्ति बने हैं। जबकि दूसरी ओर हैं सनी सिंह, जो आजकल के जमाने के क्लब जाने वाले व्यक्ति हैं। इसके बाद सलमा, सिकंदर (श्रेयस तलपड़े) से अरेंज मैरिज करना चाहती है। लेकिन तभी उसका दिल मीत (सनी सिंह) के लिए भी धड़कने लगता है। बस यहीं से शुरु होता है सलमा की जिंदगी में कन्फ्यूजन। अब वो लखनऊ के रहने वाले सिकंदर से शादी करेगी या लंदन के रहने वाले मीत से, यह फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। ट्रेलर में लखनऊ की झलक देखने को मिली है, जिससे पता चलता है कि फिल्म में भी लखनऊ भरपूर देखने को मिलेगा। ट्रेलर में कई जगह डबल मीनिंग जोक भी हैं।



हॉलीवुड मसाला



# टूट गई निकोल की दूसरी शादी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की एक्स वाइफ निकोल किडमैन पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में हैं। उन्होंने साल 2006 में कीथ अर्बन से शादी की थी। इनके दो बच्चे हैं। पर शादी के 19 साल बाद इनका रिश्ता टूट गया है। दोनों सेपरेट हो गए हैं। निकोल इस शादी को बचाना चाहती थीं। पर लाख चाहने के बावजूद ये रिश्ता टूट गया। ऑस्कर विनर एक्ट्रेस निकोल और कंट्री म्यूजिक स्टार कीथ ने महीनों की अटकलों के बाद अलग होने का फैसला किया है।



# ब्रिजर्टन 4 का पहला पोस्टर हुआ जारी

**लॉस एंजिल्स।** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पहला पोस्टर शेयर किया गया है। साथ ही यह सीरीज कब दर्शकों को देखने को मिलेगी, इस बात से भी पर्दा उठ गया है। जानिए, 'ब्रिजर्टन 4' से जुड़ा यह नया अपडेट। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पोस्टर शेयर किया गया है। जिसमें एक लड़की मास्क हाथ में लिए खड़ी है। उसका चेहरा पूरा नजर नहीं आया है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा गया है, 'तैयार हो जाइए, क्योंकि कुछ भी हो सकता है। 'ब्रिजर्टन सीजन 4' 2026 में शुरू होगा। 'ब्रिजर्टन वेब सीरीज राइटर जूलिया क्विन की बुक्स पर बेस्ड है। इसके अब तक तीन सीजन आ चुके हैं। एक सीजन में एक्ट्रेस सिमोन एश्ले भी नजर आईं। यह सीरीज एक ब्रिटिश राज परिवार के बारे में है।



# बेटी के साथ दुर्गा पंडाल में हुईं शामिल


**मुंबई।** दुर्गा अष्टमी के दिन अभिनेत्री बिपाशा बसु ने दुर्गा पूजा पंडाल में अपनी बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ जाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल पर दुर्गा पांडाल के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिनमें से एक एक वीडियो बिपाशा बसु और उनकी बेटी देवी का है। नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनीन दुर्गा पूजा पंडाल में बिपाशा अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी के साथ दिखीं। इस दौरान बिपाशा ने पैपराजी को जमकर पोज दिए। इसके साथ ही बिपाशा ने वहां पर मौजूद सभी लोगों को शुभो अष्टमी की शुभकामनाएं दीं और सभी का शुक्रिया अदा किया। दुर्गा अष्टमी के दिन बिपाशा ने नारंगी और लाल रंगी की साड़ी, लंबे झुमके, स्लीक बन और लाल लिपस्टिक में खूबसूरत लुक अपनाया।



# काजोल-ट्विंकल के शो में पहुंची आलिया

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो 'टू मच' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कई सितारे मेहमान बनकर पहुंच रहे हैं। अब शो में वरुण धवन और आलिया भट्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान अभिनेता ने कुछ मजेदार बातें की है। काजोल और ट्विंकल के आगामी एपिसोड में वरुण धवन और आलिया भट्ट नजर आएंगे, जिसका एक प्रोमो वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो की शुरुआत में वरुण धवन ने अपनी फिल्म 'मैं तेरा हीरो' का डायलॉग बोला। उन्होंने कहा, 'मैं दिखता हूं स्वीट एंड इनोसेंश स्वामी टाइप का, लेकिन मैं हूं बड़ा अजीब टाइप का।'इसके आगे आलिया को किसी बात पर जोर से हंसते हुए देखा जाता है। आगे प्रोमो में वो कहते हैं, एक फिल्म है, जिसे मैंने जब देखा तो पसंद नहीं आई थी।

टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल' में मनीषा रानी की वाइल्डकार्ड एंट्री

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर के शो 'राइज एंड फॉल'इन दिनों फिर से चर्चा मे है, क्योंकि मनीषा रानी ने वाइल्डकार्ड एंट्री की है। उनकी मजेदार वन-लाइनर्स, 'धनपवन साड़ी सेंटर'वाला किस्सा और फॉरेन इंग्लिश का मजाक सबको खूब भाया। ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर का रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' लगाता सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां धनश्री वर्मा के खुलासों की लगातार चर्चा हो रही है, वहीं एक सच्चाई यह भी है कि भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के जाने के बाद से शो की व्यूअरशिप कम हो रही है। अब इस शो में सबकी धड़कनें बढ़ाने वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है मनीषा रानी की। 'बिग बॉस ओटीटी 2' में अपनी बातों, अदाओं और तेज दिमाग से धूम मचाने वाली मनीषा के आने से 'राइज एंड फॉल' में सनसनी मचने वाली है। मनीषा रानी ने शो में धमाकेदार एंट्री करते ही 6 लाख रुपए जीतने का मौका पाया और अपने आपको बेसमेंट फॉल से बचाया है। यही नहीं, उन्हें शो में एक कंटेस्टेंट को एलिमेशन के लिए नॉमिनेट करने और एक को एलिवेट करने का भी मौका मिला। मनीषा ने जहां बाली को शो से एविक्ट करने के लिए नॉमिनेट किया है, वहीं आरुष भोला एलिवेट करने का काम किया। इसके साथ ही धनश्री वर्मा को फॉल फेस करने के लिए भेजा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मनीषा के आने से गेम का रोमांच बढ़ गया है।

## तान्या ने बीच में छोड़ी पढ़ाई

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन लगातार बज में बना हुआ है। इसके कंटेस्टेंट्स आए दिन सुर्खियां बटोर रहे हैं। ग्वालियर के विद्या पब्लिक स्कूल से ग्रेजुएशन करने के बाद तान्या आर्किटेक्चर की



पढ़ाई करने के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी गईं। लेकिन, अपने बिजनेस गोल्स पर फोकस करने के लिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। 26 साल की तान्या के इंस्टाग्राम पर 2.5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। डब्बू मलिक और ज्योति मलिक के बेटे अमाल मलिक कम उम्र से ही म्यूजिक की दुनिया में हैं। सफलता पाने के बाद भी उन्होंने पढ़ाई पूरी की। उन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में बताया था कि उनकी मां टीचर हैं और उन्होंने साफ कहा था कि कॅरियर के साथ-साथ पढ़ाई भी करनी है, क्योंकि वो बहुत जरूरी है। उन्होंने जमनाबाई नरसी स्कूल से पढ़ाई की और मुंबई के एनएम कॉलेज से कॉमर्स में बैचलर डिग्री हासिल की। कानपुर में जन्में गौरव खन्ना ने एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले करीब एक साल तक आईटी फर्म में मार्केटिंग मैनेजर के तौर पर काम किया था।

# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से कम किए गए किसिंग सीन...


*फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' इन दिनों चर्चा में है। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यू/ए 13+ सर्टिफिकेट मिला है।*

**मुंबई।** बोर्ड की तरफ से फिल्म में मामूली संपादन की सिफारिश के बाद इसे रिलीज की इजाजत मिली है। सेंसर बोर्ड को फिल्म को मंजूरी देने से पहले दो बड़े बदलावों की जरूरत थी। पहला, 'गार्ड' शब्द को म्यूट करना, जिसका इस्तेमाल उस सीन में किया गया है जहां वरुण धवन का किरदार एक गाली को छिपाने की कोशिश करता है। दूसरा, किसिंग सीन को लगभग 60 प्रतिशत कम करना था। इन संपादनों के बाद, फिल्म को आखिरी मंजूरी मिल गई। सेंसर सर्टिफिकेट में फिल्म की अवधि 135 मिनट 45 सेकंड या 2 घंटे 15 मिनट 45 सेकंड बताई गई है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और अभिनव शर्मा



हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई है। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिनेमाघरों में यह फिल्म ऋषभ शेट्टी की 'कंतारा चैप्टर 1' से टकराएगी। वरुण धवन और जान्हवी कपूर इस फिल्म का खूब प्रचार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के साथ डांस करते हुए फिल्म का प्रमोशन किया था। आपको बता दें कि वरुण धवन जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं।

# ऐश्वर्या संग पोज देकर खुशी से झूमीं सिमोन




**पेरिस।** सोमवार को ब्रिटिश सीरीज ब्रिजर्टन की एक्ट्रेस सिमोन एश्ले ने अपने इंस्टाग्राम पर ऐश्वर्या राय के साथ एक फोटो शेयर कीं। सिमोन और ऐश्वर्या के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हैं। ऐश्वर्या बहुत प्यार से सिमोन के साथ गपशप कर रही हैं। अपना मेकअप छोड़कर ऐश्वर्या ने सिमोन के साथ सेल्फी ली। सिमोन एश्ले ने ऐश्वर्या राय के साथ क्लिक की गई सेल्फी को अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट किया है। साथ ही इस फोटो को ऐश्वर्या राय को भी टैग किया है। साथ ही फोटो पर एक हार्ट इमोजी भी बनाया है। यह फोटो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल है।

## आईएमडीबी ने जारी की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट

# बीते 25 साल में इन 25 फिल्मों ने जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** आईएमबीडी ने वैसी फिल्मों की लिस्ट जारी ही है जो पिछले 25 सालों की सबसे अधिक पॉप्युलर रहीं। इस डेटासेट में जहां शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। द इंटरनेट मूवी डेटाबेस ने पिछले 25 साल की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में साल 2000 के बाद से रिलीज हुई कई शानदार फिल्मों के नाम शामिल हैं। आईएमबीडी की लिस्ट में 2000 से 2025 के बीच में सबसे ज्यादा सर्च की गईं फिल्में और सितारों के नाम भी शामिल हैं और इन्हें ऑल टाइम पेज व्यूज के आधार पर रैंक किया गया है। ये रिपोर्ट 130 फिल्मों पर बेस्ड है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2000 से 2025 के बीच अब तक की सबसे ज्यादा पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की गई है। वहीं, इस लिस्ट में हालिया रिलीज फिल्म 2025 की 'सैयारा' पहले नंबर पर मौजूद है। सैयारा ने विक्की कौशल की छावा को भी पीछे छोड़ दिया है जो दूसरे नंबर पर है। 2025 की लिस्ट में तीसरे नंबर पर महावतार नरसिम्हा, चौथे नंबर पर ड्रैगन और पांचवें नंबर पर कुली है।



### इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में

आईएमबीडी की 130 फिल्मों पर बेस्ड इस इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में हैं। साल 2000 से 2005 तक की सभी टॉप फिल्मों में शाहरुख खान लीड रोल में थे, एसएस राजामौली की दो 'बाहुबली' फिल्मों के बाद के वर्षों में हिंदी स्पीकिंग रीजन से बाहर के टाइटल में काफी तेजी देखी गई।

### शाहरुख की कमबैक को रणबीर ने दी मात

ये तो साफ है कि शाहरुख खान लंबे समय से दर्शकों के पसंदीदा हीरो रहे हैं। पिछले 25 वर्षों के आधार पर बनी इस लिस्ट में टॉप पर रहने वाली सात फिल्में हैं। दिलचस्प बात ये है कि उनकी 2023 की सभी कमबैक हिट फिल्मों को रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने पछाड़ दिया।

### आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में

वहीं, पूरे 130 फिल्मों के डेटासेट में, शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। दीपिका पादुकोण 130 फिल्मों के डेटासेट में 10 फिल्मों के साथ सबसे लोकप्रिय फीमेल स्टार रहीं। 25 साल की के दौरान आखिरी सालों में दुनिया भर में अच्छा प्रदर्शन करने वाली फिल्मों में तेजी नजर आई।

### एनालिसिस के आधार पर ये फिल्में सबसे अधिक पॉप्युलर

| | |
|---|---|
| 2000 - मोहब्बतें | 2013 - द लंचबॉक्स |
| 2001 - कभी खुशी कभी गम | 2014 - पीके |
| 2002 - देवदास | 2015 - बाहुबली: द बिगिनिंग |
| 2003 - कल हो ना हो | 2016 - दंगल |
| 2004 - वीर-जारा | 2017 - बाहुबली 2: द कन्क्लूजन |
| 2005 - ब्लैक | 2018 - केजीएफ: चैप्टर 1 |
| 2006 - धूम 2 | 2019 - उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक |
| 2007 - तारे जमीन पर | 2020 - दिल बेचारा |
| 2008 - रब ने बना दी जोड़ी | 2021 - पुष्पा: द राइज |
| 2009 - 3 इडियट्स | 2022 – केजीएफ: चैप्टर 2 |
| 2010 - माई नेम इज खान | 2023 – एनिमल |
| 2011 - जिंदगी ना मिलेगी दोबारा | 2024 – पुष्पा 2: द रूल |
| 2012 - गैंग्स ऑफ वासेपुर | 2025 – सैयारा |

### वो फिल्में जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही

आईएमडीबी ने उन भारतीय फिल्मों की भी लिस्ट तैयार की है जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही है। इनमें वो फिल्में हैं जिनमें रिलीज़ के कई सालों बाद भी दर्शकों की दिलचस्पी में इजाफा देखने को मिली। इन फिल्मों में विरुमंदी (2004), बैंगलोर डेज़ (2014), मसान (2015), प्रेमम (2015), बरेली की बर्फी (2017) और रत्सासन (2018) शामिल हैं।

**खबर संक्षेप**

## बागवानी विभाग ने दी योजनाओं की जानकारी

**चरखी दादरी ।** उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल बागवानी विभाग द्वारा बौंद में सेवा स्वच्छता अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत किसानों को विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम ब्लॉक बागवानी अधिकारी डॉ. विक्रांत राठी ने किसानों को बागवानी खेती के लाभ के बारे में बताया।

## प्रबुद्ध नागरिकों का सहयोग जरूरीः डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को स्थानीय डीआरडीए सभागार में चिन्हित अपराधों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीसी ने निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं में बढ़ता ड्रग का प्रचलन चिंता का विषय है। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसे में सभी मेडिकल स्टोर की सख्त निगरानी जरूरी है। उन्होंने प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि वे नशे को रोकने लिए पुलिस का सहयोग करेंगे।

## लोगों से किया शहर को स्वच्छ बनाने का आह्वान

**भिवानी।** नगर परिषद प्रशासन ने मंगलवार को डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ शहर में सफाई अभियान चलाया और शहर को गंदगी से मुक्त बनाने के लिए नागरिकों से श्रमदान व सहयोग करने का आह्वान किया। सफाई अभियान का नेतृत्व जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने किया। सफाई अभियान की शुरुआत दादरी गेट स्थित श्री कृष्ण प्रणामी आश्रम से की गई।

## स्वरोजगार समय की सबसे बड़ी जरूरत

**बहल।** स्वरोजगार समय की सबसे बड़ी जरूरत है। स्वरोजगार से ही आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार किया जा सकता है और इसमें विस्तार की अपार संभावनाए है। युवाओं को नौकरी की बजाय स्वरोजगार से जुड़ना चाहिए। यह बात बीआरसीएम संस्थान निदेशक डॉ एसके सिंहा ने जीटी रियल्टी ऑर्बिट इंडस्ट्रियल पार्क द्वारा आयोजित लघु उद्योग से उद्यमिता का विकास कार्यक्रम में व्यक्त किए।

## नशे पर लगाम लगाने के लिए चलाया अभियान

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के वीर शहीद कपिल देव राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नशे पर रोकथाम लगाने के लिए अभियान चलाया। जिसमें विद्यालय के लीगल लिट्रेसी क्लब एवं प्रहरी क्लब के नोडल अधिकारी प्रवक्ता राजेन्द्र कुमार ने अपनी अहम भूमिका अदा की और उपस्थिजनों बताया कि आज के समय में खासकर युवाओं के नशे का चलन बहुत अधिक हो गया है।

## स्वच्छता अभियान के तहत गतिविधियों का आयोजन

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय, भिवानी में प्राचार्य डॉ. त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेनू बाला एवं डॉ. मंजू के निर्देशन में 11 सप्ताह के शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

---

### स्वयंसेवकों ने एचआइवी से बचाव पर लघु नाटिका प्रस्तुति की

# नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र सशक्त होगाः गोयल

**वैश्य महाविद्यालय भिवानी में मनाया सेवा पखवाड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जब नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र सशक्त होगा। जिस समाज में महिलाएँ सशक्त होती हैं, वहाँ शिक्षा, संस्कृति और विकास अपने सर्वोत्तम स्तर पर पहुँचता है वास्तव में नारी सशक्तीकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज की सच्ची प्रगति का आधार है। यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के स्वयंसेवकों द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नारी सशक्तीकरण और एचआइवी (एड्स) से बचाव विषय पर लघु नाटिका के माध्यम से भिवानी के चौधरी बंसी लाल नागरिक अस्पताल भिवानी में आयोजित जागरूकता अभियान में स्वयंसेवकों को रवाना करते हुए वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने कहे।आज स्वयंसेवकों द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत चौधरी बंसी लाल नागरिक अस्पताल भिवानी में लघु नाटिका के माध्यम से नारी सशक्तीकरण और एचआइवी (एड्स) से बचाव का संदेश दिया। स्वयं सेवको ने हॉस्पिटल पहुंचकर मरीजों और तमीरदारों एवं आमजन को नारी सशक्तीकरण और एचआइवी (एड्स) से बचाव के प्रति जागरूक किया ।चौधरी बंसीलाल सामान्य अस्पताल भिवानी के एच आई वी विभाग के एम ओ डॉ साहिल वर्मा ने एचआइवी/एडस से बचाव के लिए स्वयंसेवकों को जागरूक करते हुए एड्स के प्रति बचाव रखने का संदेश देते हुए कहा कि एड्स एक ऐसी बीमारी है जिसमें इंसान की संक्रमण से लड़ने की क्षमता समाप्त हो जाती है उन्होंने कहा कि एडस जैसी घातक बीमारी के बारे में लोगों को सचेत करना तथा इस संदर्भ में फैली हुई भ्रांतियां को दूर करना आवश्यक हैं। हालांकि कई सालों के एड्स की दवाई को खोजा जा रहा हैं ताकि हर वर्ष देश में एड्स के कारण होने वाली मृत्यु दर को रोका जा सके।



**भिवानी।** आयोजित शिविर के दौरान उपस्थित कैडेटस। फोटो : हरिभूमि

### जागरूकता ही एड्स से बचाव का एकमात्र उपाय

इस अवसर पर वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ कॉमना कौशिक एवं डॉ मोहनलाल ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबका कर्तव्य है कि हम नारी को समान अधिकार, सम्मान और अवसर दिलाने के लिए समाज को जागरूक करें। शिक्षा, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास ही नारी सशक्तीकरण की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक होने के नाते आप सबको यह सुनिश्चित करना है कि समाज में "नारी शक्ति ही सृष्टि की शक्ति है" यह संदेश पूरे विश्व तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक महामारी के चलते सभी को एड्स जैसी जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि एड्स से बचाव का एकमात्र उपाय जागरूकता है। इस अवसर पर काफी संख्या में स्वयंसेवक व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

---

### जिस घर में तीन पीढ़ी जुड़ी होती हैं, वहां अमंगल नहीं होताः महामंडलेश्वर

# भगवान की कथा में व्यक्ति के जीवन के लिए मोक्ष एवं संस्कारः करूणा गिरी

**श्रीरामायण जैसा ग्रन्थ बच्चों में संस्कार का सबसे बड़ा माध्यमः साध्वी करुणागिरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





**भिवानी।** श्रीराम कथा सुनते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हालुवास गेट स्थित लिटिल हार्ट्स पब्लिक स्कूल के सभागार में चल रहे संगीतमयी श्रीराम कथा महायज्ञ के तीसरे दिन उमा व भगवान शिव की कथा वृतांत के साथ भक्तिमय माहौल में सुनाई। भगवान की कथा में व्यक्ति के जीवन के लिए मोक्ष है और संस्कार है, इसलिए हमें अपने बच्चों के अंदर अच्छे संस्कार तैयार करने चाहिए।

अच्छे संस्कार से जहां माता-पिता को सम्मान मिलता है, वहीं उसका जीवन भी सार्थक होता हैं, ये बात कथाव्यास महामंडलेश्वर बाल योगिनी साध्वी करुणागिरी महाराज ने कही।

कूल सभागार में साध्वी करूणा गिरी ने भक्तों को भगवान श्रीराम कथा महायज्ञ के महत्व से अवगत करवाया। आज की कथा में उमा और भगवान शिव, काग भूषण्डी भगवान के जन्मोत्सव की कथा वृतांत पर प्रकाश रहा। साध्वी करुणागिरी ने कहा कि भगवान की कथा में व्यक्ति के जीवन के लिए मोक्ष है और संस्कार है, इसलिए हमें अपने बच्चों के अंदर अच्छे संस्कार तैयार करने चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे संस्कार से जहां माता-पिता को सम्मान मिलता है, उन्हीं संस्कारों से बच्चे को भी सम्मान मिलता है। आज दिन प्रतिदिन युवा पथ भ्रष्ट हो रहे हैं, अनेक प्रकार की बुराइयों में संलिप्त हो रहे हैं,जिनको केवल रामायण जैसे ग्रंथ के माध्यम से भगवान श्रीराम की मर्यादाओं को आगे रखकर संस्कारवान बनाया जा सकता है। उमा व भगवान शिव की कथा पर प्रकाश डालते हुए साध्वी करुणागिरी ने कहा कि जिस घर में तीन पीढ़ी जुड़ी हुई होती हैं और जिस समाज में तीन व्यक्ति जुड़े होते हैं, वहां अमंगल कभी नहीं हो सकता और ये तभी संभव हो सकता है, जब हम अपने बच्चों में अच्छे संस्कार दें।

### सात को होगा स्वच्छता एवं पर्यावरण को समर्पित एक कुडिय यज्ञ

कथा आयोजक एमडी पवन गोयल एवं संजय गोयल ने बताया कि 28 से 6 अक्टूबर तक नौ दिन तक कथा अमृत वर्षा रहेगी। सात अक्टूबर को स्वच्छता एवं स्वच्छ पर्यावरण को समर्पित एक कुंडिए यज्ञ होगा। इस अवसर पर बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वीपी यादव, दिल्ली से दिनेश गुप्ता, संजय गुप्ता, गोवर्धन आचार्य, त्रिलोकचंद गोयल, आनन्द प्रकाश गोयल, भावना गोयल, सीमा गोयल, संचित जैन, निदेशक राम सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल, अशोक कुमार भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

---

# आत्म-शक्ति जागृत करने का संदेश देती हैं नवरात्रि



दुर्गा अष्टमी पर झांकी प्रस्तुत करती छात्रा व मौजूद बीके बहनें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सकारात्मक सोच के साथ कर्म करो तो कर्म श्रेष्ठ बनेंगे, तभी हमारा समाज दिव्य व श्रेष्ठ बन सकता है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि की कादमा शाखा में नवरात्रि व मां दुर्गा अष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि नवरात्रि हमें आत्म-शक्ति को जागृत करने का सन्देश देती है। उन्होंने कहा कि आज की परिस्थितियों में सच्ची शक्ति राजयोग (मेडिटेशन) के अभ्यास से प्राप्त होती है, जिससे नकारात्मकता, क्रोध व तनाव पर विजय प्राप्त कर समाज में सकारात्मक व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनेगा। इस अवसर पर चैतन्य देवी के रूप में ब्रह्माकुमारी बहनों का श्रृंगार कर पूजा अर्चना कर आरती उतारी।

### शक्तियों को पहचानें

ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने बताया कि वर्तमान समय में महिलाएं ही नहीं बल्कि प्रत्येक मानव को दिव्य शक्ति जागरण की आवश्यकता है, जिससे समाज में शांति और सद्भावना का वातावरण बन सके। ब्रह्माकुमारी रेखा व रितु बहन ने कहा कि दुर्गा अष्टमी पर मातृशक्ति की पूजा हमें यह सिखाती है कि भीतर छिपी हुई शक्तियों को पहचानकर उनका सदुपयोग करना ही सच्चा उत्सव है।

---

# जलभराव से दरक रहे हैं आशियानें

**पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी बोले-सरकार मुआवजा दे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने कहा कि विगत में हुई बारिश व उसके बाद जलभराव से लोगों के मकान दरकने शुरू हो गए है। किसी-किसी गांव में सौ से ज्यादा मकानों में दरारें आ गई है। जो कि कभी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। बवानीखेड़ा कस्बे में करीब सैकड़ों से ज्यादा से ऐसे मकान है,जो कि रहने के लायक ही नहीं है। कभी भी भरभरा कर गिर सकते है। हैरानी की बात यह है कि इतना नुकसान होने के बावजूद भी सरकार ने अभी तक किसानों को उनके क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत के लिए मुआवजा या राहत राशि नहीं दी है।

वे आज कस्बा बवानीखेड़ा के बड़ा गौरवा इलाके के नजदीक लोगों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान फौजी उन लोगों के घरों में गए। जिनके मकानों में जलभराव की वजह से दरारें आई है। लोगों ने सीपीएस को बताया कि उन्होंने क्षतिग्रस्त मकान की नगरपालिका में शिकायत की तो उनको कहा गया है कि आपका मकान तो लाल डोरे से बाहर है,लेकिन उनसे हर साल प्रोपर्टी टैक्स लिया जा रहा है।



**भिवानी।** जलभराव से मकान में आई दरार को देखते हुए।

---

# विद्यार्थियों को स्वदेशी अपनाने को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी विचारधारा की अलख जगाने के लिए चलाई गई स्वदेशी संकल्प यात्रा का चरखी स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच से जुड़े प्रोफेसर वेदप्रकाश लुहाच ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वदेशी उत्पादों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने आह्वान किया कि जब भी बाजार जाएं तो सामान स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदें। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वदेशी भाषा, वेषभूषा, उत्सव पद्धति व परंपरागत मूल्यों को अपनाकर ही वास्तविक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा जा सकता है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि गुणवत्तापूर्ण रोजगार और उद्यमिता का मार्ग भी स्वदेशी उत्पादों और उद्योगों के विस्तार से ही संभव है। विद्यालय के प्राचार्य जयभगवान ने स्वदेशी संकल्प यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल समाज में आत्मनिर्भरता की भावना जगाती है बल्कि देश की आर्थिक मजबूती में भी सहायक सिद्ध होती है।

उन्होंने विद्यालय परिवार की ओर से आश्वासन दिया कि वे स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार में अपना सक्रिय योगदान देंगे।



**भिवानी।** विद्यार्थियों को स्वदेशी अपनाने के प्रति प्रेरित करते।

### विदेशी के उपयोग से बचें

उन्होंने कहा कि भारत को आर्थिक रूप से सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी बनाने के लिए आवश्यक है कि हम अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें। आज हमे विदेशी उत्पादों के उपयोग से बचने की जरूरत है।

---

# स्वच्छता आज समय की जरूरतः एसपी

**वैश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने दिया सफाई का संदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

स्वच्छता के प्रति जागरूक करने में शिक्षण संस्थान बहुत बड़ी भूमिका निभा सकते है। अगर हमें विभिन्न बीमारियों एवं महामारी से बचाना है तो स्वच्छता के प्रति जागरूक होना होगा क्योंकि स्वच्छता आज समय की जरूरत है। स्वच्छता कायम करने में हम सब की सहभागिता अनिवार्य है। यह बात हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत वैश्य महाविद्यालय भिवानी के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता का संदेश देने को लेकर बनाई गई मानव श्रृंखला का अवलोकन करते हुए भिवानी के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने कही। आज वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्रांगण में हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के 11 सूत्री कार्यक्रम के तहत प्राचार्य डॉ संजय गोयल के नेतृत्व एवं कार्यक्रम की नोडल ऑफिसर डॉ सीमा बंसल की देखरेख में स्वच्छता का संदेश देने के लिए मानव श्रृंखला बनाई गई।



**भिवानी।** मानव श्रृखंला बनाकर स्वच्छता का संदेश देते हुए।

### किया जा रहा जागरूक

कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ सीमा बंसल ने बताया कि हरियाणा सरकार ने समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूक का अभियान शुरू किया है। इसी श्रृंखला में आज महाविद्यालय में मानव श्रृंखला बनाई गई जिसमें जिले के एसपी सुमित कुमार ने संबोधित किया । उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए स्लोगन व पोस्टरों का अवलोकन किया । विद्यार्थियों ने 'घर-घर संदेश पहुंचाएंगे, हरियाणा को स्वच्छ बनाएंगे 'नारे का उद्घोष किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डीन एकेडमिक डॉ नरेंद्र सिंह ,प्रो सविता जैन, प्रो विपिन गुप्ता ,डॉ पवन गुप्ता ,डॉ सरिता गोयल ,डॉ मोनिका मित्तल ,भूपेन्द्र कोच, श्रेया ,चंचल ,सुनिधि समेत अनेकों प्रोफेसर ने श्रृंखला में भागीदारी की।

---

# आमजन की आवाज विस में उठाकर भाजपा को आइना दिखाएंगे पूर्व सीएम : कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



हरियाणा कांग्रेस सेवा दल के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कादियान ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को हरियाणा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने की घोषणा पर स्वागत किया है तथा कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। कादियान ने कहा कि यह निर्णय पार्टी और आम जनता दोनों के हित में है, और उन्होंने कांग्रेस हाईकमान को इस सुनियोजित नियुक्ति के लिए धन्यवाद भी दिया। कादियान ने कहा कि हुड्डा की राजनीतिक प्रतिष्ठा, अनुभव और जनप्रियता को देखते हुए उन्हें यह अवसर देना एक दूरदर्शी निर्णय है। वे विधायक दल और कांग्रेस प्रवाह को मजबूती से आगे ले जाएंगे। साथ ही उन्होंने यह भरोसा व्यक्त किया कि विधायक दल अब संगठनात्मक दृष्टि से अधिक सक्रिय होगा और जनता की आवाज़ को मजबूती से विधानसभा और सडक़ स्तर पर उठाएगा।

---

# सुखबीर सण्डवा बने युवा प्रदेश संयुक्त सचिव

**तोशाम।** सुखबीर सण्डवा को जननायक जनता पार्टी के युवा प्रकोष्ठ में युवा प्रदेश संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त करने पर सुखबीर सण्डवा ने पार्टी हाईकमान सहित युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला एवं प्रदेश स्तर के नेताओं जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, हल्का प्रधान एवं तमाम कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि गत 29 सितंबर को जननायक जनता पार्टी के युवा प्रकोष्ठ ने युवाओं की कार्यकारणी घोषित की थी जिसमें तोशाम हल्के के सुखबीर सण्डवा को प्रदेश संयुक्त सचिव की नई जिम्मेदारी सौंपी गई। पहले भी सुखबीर सण्डवा जजपा के छात्रों की विंग इनसो में राष्ट्रीय सदस्य, युवा प्रदेश सचिव, जिला प्रचार सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे चुके है।

---

**मुलाकात**

### भिवानी सर्कल में कर्मचारियों की भारी कमी, समय पर नहीं हो रहे कार्यः बल्लू

# बिजली कर्मियों ने सर्कल सचिव के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

**बिजली कर्मचारियों को जल्द ही उपलब्ध करवाई जाएगी सुरक्षा कीटः अधीक्षक अभियंता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमण्डल नवनिर्वाचित सर्कल सचिव मनोज बल्लू बामला की अध्यक्षता में अधीक्षक अभियंता विनोद पूनिया से मिला। इस मुलाकात के दौरान सर्कल सचिव मनोज बल्लू ने सभी सदस्यों का परिचय करवाया और बिजली कर्मचारियों की मांगों से अवगत करवाया। मनोज बल्लू ने बताया कि अधीक्षक अभियंता के साथ उनकी मुलाकात सकारात्मक रही। बल्लू ने मांगों से अवगत करवाते हुए कहा कि भिवानी सर्कल में कर्मचारियों की भारी कमी है जिसकारण कार्य समय पर नहीं हो पा रहा। उन्होंने कहा कि काम का प्रेसर ज्यादा होने के कारण हादसा होने का अंदेशा बना रहता हैं। वहीं फील्ड में कार्य करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाने समेत अन्य सभी समस्याओं से अवगत करवाया। अधीक्षक अभियंता विनोद पूनिया ने विश्वास दिलाया कि यूनियन की जो भी मांगें होंगी उन्होंने पूरा करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों को जल्द ही सुरक्षा कीट उपलब्ध करवाई जाएगी। जो कर्मचारी स्टाफ की पूर्ति के लिए मनेजमेंट के पास पत्र भेजा जाएगा। मुलाकात के बाद मनोज बल्लू बामला ने कहा कि वे कर्मचारियों की हर समस्या का समाधान करवाने के लिए बिजली निगम के उच्च अधिकारियों से मुलाकात करेंगे तथा उनका समाधान करवाया जाएगा।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सिटी युनिट सचिव राजकुमार जटासरा, दादरी युनिट प्रधान अनिल फौगाट, सचिव नवरतन शर्मा, सबअर्बन यूनिट प्रधान सोमबीर श्योराण, वरिष्ठ उपप्रधान मोंटी, जयबीर बादल, पवन धनाना, नरेन्द्र कस्वा, अनिल कादमा, उमेश, विकास, संदीप, नवीन, रविन्द्र आदि उपस्थित रहे।

---

# उपेक्षित बस क्यू सेल्टर का एसएसजे फाउंडेशन ने करवाया सौंदर्यीकरण

- कॉलेज छात्र-छात्राओं ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

चौ बंसीलाल कॉलेज के सामने वर्षों से उपेक्षा की मार झेल रहे बस क्यू सेल्टर का शहर की एसएसजे फाउंडेशन संस्था ने सुधार कराके उसका सौंदर्यीकरण किया है। जिसके लिए कॉलेज के छात्र छात्राओं एसएसजे फाउंडेशन का आभार प्रकट किया है।

बता दें कि स्थानीय चौ बंसीलाल कॉलेज के कॉलेज छात्र छात्राओं के लिए कई वर्षों पहले बस क्यू सेल्टर बनाया था लेकिन इस प्रतीक्षालय की उपेक्षा के अभाव में इतनी बदतर हालत हो गई थी कि यहां छात्र छात्राओं का कुछ मिनटों ठहर पाना भी मुश्किल हो गया था। चारों तरफ गंदगी का आलम और कीचड़ ने यहां डेरा डाल रखा था। युवाओं की जरूरत को ध्यान में रखते हुए एसएसजे फाउंडेशन प्रतीक्षा और आसपास के क्षेत्र में सुधार का कार्य शुरू करवा दिया। फाउंडेशन के संस्थापक डॉ अनिल जोशी ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय लोहारु के सामने बस क्यू सेल्टर अर्थात प्रतीक्षालय के हालात काफी बदतर थे।

## खबर संक्षेप

### नई व्यवस्था से होगा लोगों को फायदा : मड्डू

**भिवानी।** वरिष्ठ भाजपा नेता परमजीत सिंह मड्डू ने कहा कि राजस्व विभाग की नई पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली, पेपर रहित निशानदेही, व्हाट्सएप चैटबोट, राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। लोगों को जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए तहसीलों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, इससे उनके समय भी की बचत होगी।

### चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने किया मंदिर का उद्घाटन

**भिवानी।** बावड़ी गेट संत कबीर नगर स्थित शीतला माता मंदिर का उद्घाटन नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह व विधायक के पुत्र अमन सर्राफ ने संयुक्त रूप से किया। समिति प्रधान राजू पचेरवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। श्रीशीतला माता चौगानन युवा सेवा समिति के संरक्षक अनिल डाबला ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान भंडारे व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन भी किया।

### 31 साल की सेवा के बाद देशराज हुए सेवानिवृत्त

**भिवानी।** गांव बलियाली स्थित पशु चिकित्सालय में पशु परिचर के पद पर तैनात देशराज सिंह तंवर 31 वर्ष और 5 माह की लंबी और समर्पित सेवा के बाद मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर चिकित्सालय परिसर में एक भावुक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें स्टाफ द्वारा सम्मानित कर विदाई दी गई।

### तोशाम कार्यकारिणी के प्रधान बने वीरेंद्र प्रजापत

**तोशाम।** मंगलवार को तोशाम उपकेन्द्र में हरियाणा पिछड़ा वर्ग रोड़वेज कर्मचारी महासभा की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से विरेन्द्र प्रजापत को प्रधान चुना गया। वहीं नवनियुक्त प्रधान वीरेंद्र प्रजापत ने अपने कर्मचारी साथियों को विश्वास दिलाया कि उन पर विश्वास जताते हुए जो उन्हें प्रधान चुना गया है इस जिम्मेवारी को वह बखूबी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाएंगे। इसके अलावा गठित की गई कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपप्रधान जयसिंह गुज्जर, उप प्रधान मनोज जांगड़ा, सचिव मुकेश लौधा मिराण, सह सचिव राजेश दुल्हेड़ी, प्रैस प्रवक्ता मंजीत यादव, ओडीटर सोनू जांगड़ा रहे।

## नप ने शहर के 35 से 40 कचरा प्वाइंट किए बंद, कर्मचारी तैनात, डोर टू डोर टिप्पर गाड़ी उठा रही कूड़ा

# नगर परिषद ने शहर के 12 अवैध कचरा प्वाइंटों का सौंदर्यीकरण कर बना दिए सेल्फी प्वाइंट

*प्रतिदिन अवैध रूप से डाला जाता था बायोवेस्ट व कचरा, शहर के सौंदर्यीकरण को लग रहा था ग्रहण*

राकेश भटठी ▶▶|भिवानी

नगर परिषद प्रशासन ने शहर के 12 अवैध कचरा प्वाइंटों को खत्म कर उनका सौंदर्यीकरण किया हैं और उन्हें सुंदर रूप देकर सेल्फी प्वाइंट में तब्दील कर दिया हैं, जिसे देखकर महसूस भी नहीं होता कि कभी यहां कचरे का ढेर भी होता होगा, अब लोग यहां पर अपनी सेल्फी लेते नजर आएंगे। नगर परिषद प्रशासन ने वैसे तो शहर के अंदर व बाहरी क्षेत्र के लगभग 35 से 40 अवैध कचरा प्वाइंट पूर्णरुप से बंद कर दिए हैं और वहां पर नप ने अपना सफाई कर्मचारी भी तैनात किया हैं, जो लोगों को घर के दरवाजे पर आने वाली टिप्पर गाड़ी में कूड़ा डालने के लिए जागरूक कर रहा हैं। शहर के पंचायत भवन के पास, कृष्णा कॉलोनी मोड, फूलादेवी स्कूल, हनुमान गेट, रेडक्रॉस के सामने, महम रोड बड़चौक व हांसी रोड केएम स्कूल के पास अवैध कचरा प्वाइंट सहित 12 प्वाइंटों को बंद कर उनका सेल्फी प्वाइंट के रूप में सौंदर्यीकरण किया गया हैं, जो शहर की सुंदरता को चार चांद लगा रहे हैं। उल्लेखनीय हैं कि नप प्रशासन ने शहर के 12 अवैध कचरा प्वाइंटों को खत्म करके उनका सौंदर्यीकरण करवाया हैं और उक्त स्थानों को सेल्फी प्वाइंट के तौर पर तैयार किया हैं। इसके अलावा शहर के अंदर व बाहरी क्षेत्र के लगभग 35 से 40 कचरा प्वाइंटों को स्थायी रूप से बंद कर दिया हैं, जहां पर किसी को कूड़ा नहीं डालने दिया जाता। इसके साथ ही यहां पर नप ने सफाई कर्मचारी भी तैनात कर दिया है, जो लोगों को जागरूक करने का काम करता हैं। शहर में बने अवैध कचरा प्वाइंटों पर शहर के लोगों द्वारा प्रतिदिन कचरा डाला जाता था, जिसकी दुर्गंध क्षेत्रवासियों को परेशान करती थी। कूड़े के ढेरों को लेकर क्षेत्रवासी व नगर पार्षद बार बार शिकायत करते थे, जिसके चलते नगर परिषद ने उक्त स्थानों के सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया और सुधार करवाया। शहर के अवैध कचरा प्वाइंटों को खत्म करके डोर टू डोर टिप्पर से कूड़ा उठान प्रक्रिया पर जोर दे रहा हैं, ताकि लोगों को घर के बाहर की कूड़ा डालने की सुविधा उपलब्ध हो सके और शहर में जगह जगह लगने वाले कूड़े के ढेरों से भी निजात मिल सकें।

**शहर के 12 अवैध कचरा प्वाइंटों को खत्म कर उनका सौंदर्यीकरण किया**






**भिवानी।** पंचायत भवन के पास अवैध कचरा प्वाइंट बंद कर तैयार किया गया सेल्फी प्वाइंट व सौंदर्यीकरण से पूर्व पंचायत भवन के पास पड़ा हॉस्पिटलों का बायोवेस्ट व रेस्टोरेंट का कचरा। *फोटो : हरिभूमि*

### सौंदर्यीकरण से क्षेत्र को लगे चार चांद: संदीप

नगर पार्षद संदीप यादव ने बताया कि कोर्ट रोड पर पंचायत भवन के पास अवैध कचरा प्वाइंट बना हुआ था, जहां पर हॉस्पिटल व रेस्टोरेंट संचालक बायोवेस्ट व कचरा डालते थे, जिसमें अक्सर बेसहारा पशु मुंह मारते रहते थे। इस संबंध में अनेक बार नप प्रशासन व चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह को शिकायत की थी। अब नप ने इस कचरा प्वाइंट को बंद करके इसका सौंदर्यीकरण किया हैं और इसे सेल्फी प्वाइंट के रूप में तैयार किया हैं। ये मार्ग कोर्ट में जाने का मुख्य मार्ग हैं, जहां से गुजरते समय दुर्गंध आती थी, लेकिन अब ये क्षेत्र के सौंदर्यीकरण को चार चांद लगा रहा हैं।

### मिली सुविधा

नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर में 35 से 40 अवैध कचरा प्वाइंटों को स्थायी रूप से बंद किया गया हैं और 12 प्वाइंटों का सौंदर्यीकरण किया गया हैं, जो सेल्फी प्वाइंट के रूप में तैयार हैं। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण के बाद तैयार किए गए स्थानों का शहरवासी ध्यान रखे और नप के सौंदर्यीकरण एवं सफाई अभियान में सहयोग करें, जिससे शहर ओर अधिक साफ सुथरा नजर आए। उन्होंने कहा कि नप ने लगभग सभी अवैध कचरा प्वाइंटों को बंद कर दिया हैं। शहर के प्रत्येक वार्ड में टिप्पर गाड़ी डोर टू डोर कूड़ा उठाती हैं, उसी के अंदर कूड़ा डालें।

### इन प्वाइंटों का किया सौंदर्यीकरण

*शहर के कोर्ट रोड पर पंचायत भवन के पास हमेशा अवैध कचरा प्वाइंट चलता था। इसके अलावा कृष्णा कॉलोनी मोड, फूलादेवी कन्या स्कूल, चौधरी बंसीलाल पार्क, हनुमान गेट, दादरी गेट हाऊसिंग बोर्ड, बावड़ी गेट सर्विस स्टेशन, हलवासिया स्कूल के सामने पार्क के पास, रैडक्रॉस के सामने, महम रोड बड़चौक, सेक्टर 13 मोड़ व हांसी रोड केएम स्कूल के सामने अवैध कचरा प्वाइंट बंद करके उक्त स्थानों का सौंदर्यीकरण किया और उन्हें सेल्फी प्वाइंट बनाया गया हैं। नप ने इन स्थानों पर फुटपाथ, टाइल, गमले, पौधे व कुर्सिया रखवाई हैं, जहां पर लोग बैठ चर्चा कर सकते हैं। इसके अलावा उक्त स्थान इतने सुंदर ढंग से तैयार किए गए हैं, जहां लोग सेल्फी लेते नजर आते हैं।*

### इन अवैध कचरा प्वाइंटों को स्थायी रूप से किया बंद

*नगर परिषद ने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए लगभग 35 से 40 अवैध कचरा प्वाइंटों को स्थायी रूप से बंद कर दिया हैं। नप प्रशासन ने इन प्वाइंटों पर सफाई कर्मचारी तैनात किया, जो कूड़ा डालने आने वाले लोगों को टिप्पर गाड़ी में कूड़ा डालने के लिए जागरूक करते हैं। नप द्वारा स्थायी रूप से बंद किए गए प्वाइंटों में बैंक कॉलोनी, भारत नगर, श्रीराम चौक, कीर्ति नगर, महम रोड गोशाला, लठियावाला जोहड़, सेक्टर 23 मोड, नया बाजार फूलोंवाला चौक, सिविल लाइन, स्टेट बैंक के पास, गुरूद्वारा के पास, पुरानी अनाजमंडी, दिनोद गेट, घंटाघर चौक, बर्तन बाजार चौक, सिटी थाना, मस्तोवाली गली व भोजावाली देवी माता मंदिर के पास बने अवैध कचरा प्वाइंटों को स्थायी रूप से बंद किया हैं।*

## सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर बैठक

- एसपी ने बैंकों व प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|चरखी दादरी

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने लघु सचिवालय में मंगलवार को पैट्रोल पंप, ज्वैलर्स, बैंक अधिकारियों और सीएलजी कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में असामाजिक तत्वों पर रोक लगाने और सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक बैंकों और प्रतिष्ठानों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि सभी पैट्रोल पंप, ज्वैलरी शॉप और बैंकों में अच्छे एवं उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी लगाएं। यह सुनिश्चित करें कि वे सभी चालू हालत में हों, उनकी जांच करते रहें और कोई कैमरा खराब हो जाए तो बिना देरी उसकी मरम्मत करवाएं। कैमरों का बैकअप अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि सभी लोग कैमरों को स्थापित करवाएं कि शॉप के सामने से गुजरने वाले व्यक्तियों के हाव-भाव, चेहरा और वाहनों की नंबर प्लेट स्पष्ट दिखाई दें।



**भिवानी।** पैट्रोल पंप, ज्वैलर्स, बैंक अधिकारियों की बैठक लेते एसपी वर्मा।

### करवाएं वेरिफिकेशन

एसपी ने कहा कि आप अपने कर्मचारियों की पुलिस वैरिफिकेशन अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि जब कोई कर्मचारी या कारीगर को अप्वाइंट करें तो उनकी पुलिस वैरिफिकेशन अवश्य करवाएं। बिना पुलिस वैरिफिकेशन किसी कर्मचारी को काम पर न रखें। ऑनलाइन वैरिफिकेशन अप्लाई करें। साथ ही किराय पर रहने वाले लोगों की वेरिफिकेशन करवाएं।

## सिर से टेल तक पानी पहुंचाने का हो रहा कुशल प्रबंधन

- किसानों व जनता के हितों का ध्यान रखकर व एलडब्ल्यूएस सर्कल की परियोजनाओं में देरी के कारण जून, 2020 के आदेशों को किया गया रद्द: चौधरी
- मूल डिवीजनों को पूरा नियंत्रण वापस मिलने से दोहरी जिम्मेदारी होगी समाप्त, अधिकारियों की जवाबदेही होगी स्पष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि किसानों व जनता के हितों का ध्यान रखकर व एलडब्ल्यूएस सर्कल की परियोजनाओं में देरी होने के कारण जून, 2020 के आदेशों को रद्द किया गया है। नहरी तंत्र को तर्कसंगत बनाते हुए जिन नहरों का नियंत्रण लोहारू डिवीजन को सौंपा गया था किसानों की मांग पर उन नहरों को वापिस मूल डिवीजन में कर दिया गया है ताकि सिर से टेल तक पानी का कुशल प्रबंधन हो सके। श्रुति चौधरी गत देर सायं चण्डीगढ़ में सिंचाई एवं जल संसाधन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर थीं थीं। इस दौरान जून, 2020 में जारी आदेशों की समीक्षा की है और उन्हें रद् कर दिया, जिसके तहत जुई, सिवानी और हिसार जल सेवा प्रभागों की कुछ नहर प्रणालियों को लोहारू डिवीजन में स्थानांतरित कर दिया गया था।



**भिवानी।** नहरों की जानकारी लेती मंत्री श्रुति चौधरी। *फोटो : हरिभूमि*

### मिलेगा समय पर पानी

श्रुति चौधरी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कदम से अब नहरों का हेड और टेल हिस्सा एक ही डिवीजन के अधीन रहेगा, जिससे सिर से टेल तक संतुलित वितरण सुनिश्चित होगा और पानी का बेहतर आपूर्ति प्रबंधन होगा। उन्होंने कहा कि मूल डिवीजनों को पूरा नियंत्रण वापस मिलने से दोहरी जिम्मेदारी समाप्त होगी और अधिकारियों की जवाबदेही स्पष्ट होगी। टेल एरिया के किसानों को अब अधिक सुनिश्चित और समय पर पानी मिलेगा, जिससे विवाद और शिकायते घटेंगी। नहरों की निगरानी, मरम्मत और नियमन मूल डिवीजनों के अधीन होने से अधिक सुचारु और प्रभावी होगा। इससे निश्चित रूप से कार्यक्षमता में सुधार होगा।

## वैश्य माडल स्कूल का यशु रहा प्रथम, विकास हाई स्कूल ने प्राप्त किए सबसे अधिक स्थान

- रामायण महाभारत परीक्षा परिणाम घोषित

**भिवानी।** शहर की सामाजिक संस्था श्री श्याम प्रीत मंडल ट्रस्ट रजिस्टर्ड भिवानी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय रामायण महाभारत परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिला स्तरीय रामायण महाभारत पर आधारित लिखित प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन परीक्षा केंद्र लिटिल हाट्र्स पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सम्पन्न हुआ परीक्षा में हिस्सा लेने जिला भिवानी के 27 विद्यालयों के 650 परिक्षार्थियों में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का परिक्षा परिणाम घोषित। उक्त परीक्षा में दस स्थानो में प्रथम स्थान वैश्य माडल स्कूल के यशु व द्वितीय स्थान वैश्य माडल स्कूल की अनुष्का ने प्राप्त किया। तीसरा स्थान विकास हाई स्कूल की निक्की व कशिश ने हासिल किया। चतुर्थ स्थान पर विकास हाई स्कूल की कोमल व सानी और पांचवें स्थान पर विकास हाई स्कूल के जितेश, माही, हंसिका, दीपिका व खुशबू ने सामुहिक रूप से प्राप्त किया।

### आनंद स्कूल में दुर्गा अष्टमी आज

**बवानीखेडा।** गांव मिलकपुर के आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस सभागार में दुर्गा अष्टमी, रामनवमी, दशहरा, गांधी जयंती तथा शास्त्री जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव उपस्थित रहे। मंच पर प्रबंधन समिति से मास्टर राजेंद्र, ग्राम विकास मंडल के प्रधान राजेश यादव, डॉ. धर्मपाल यादव, पूर्व प्रधान धर्मवीर, मास्टर जोगिंदर, धर्मानंद शर्मा, बलवान यादव, स्कूल डायरेक्टर साहिल यादव और प्राचार्य नितीश मिश्र भी मौजूद रहे। इस अवसर पर आनंद यादव ने बच्चों को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। सभी अतिथियों ने बारी-बारी से विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## ग्रेनेडियर-2 के सैनिकों ने जीता सेना ड्यू खेल चैंपियनशिप

**भिवानी के कोच सुखबीर को दिया सफलता का श्रेय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

खेल नगरी के नाम से मशहूर भिवानी जिले के लिए एक और गौरवपूर्ण क्षण जुड़ गया जब भारतीय सेना की यूनिट ग्रेनेडियर 2 के सैनिकों ने सेना ड्यू के खेलों में शानदार प्रदर्शन कर चैंपियनशिप पर कब्जा जमा लिया। इस ऐतिहासिक जीत की नींव भिवानी के प्रतिष्ठित दिवंगत नायक पवन कुमार बॉक्सिंग क्लब में रखी गई, जहां इन सैनिकों ने कड़ा प्रशिक्षण लिया था। हर वर्ष सेना के जवान भिवानी के लेट नायक पवन कुमार बॉक्सिंग क्लब में अभ्यास करने आते है। सेना ड्यू खेलों में मिली महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद विजयी सैनिकों ने अपनी चैंपियनशिप ट्रॉफी क्लब के मुख्य कोच सुखबीर सांगवान को भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। खिलाडिय़ों ने भावुक होकर कहा कि सुखबीर कोच की कड़ी मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन के बदौलत ही हमें ये सफलता हासिल हुई है।



विजेता ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

- प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मैडल देकर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

सेवा पखवाड़ा-2025 के तहत मंगलवार को पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विकसित भारत-2047 विषय पर एक जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाजपा के सभी 16 मंडलों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे 48 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सेवा पखवाड़ा-2025 के जिला संयोजक संदीप श्योराण बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतियोगिता संयोजक शकुंतला प्रधान ने की। पेटिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों, उपस्थित अभिभावकों और अध्यापकों को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि संदीप श्योराण ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस गति से हर क्षेत्र में भारत विकास कर रहा है, उसके फलस्वरूप 2047 में भारत विश्व की एक बडी शक्ति बनकर रहेगा। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई पेंटिंगस की जमकर तारीफ की।



**भिवानी।** आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी। *फोटो : हरिभूमि*

### जताया आभार

कार्यक्रम की अध्यक्ष शकुंतला प्रधान ने प्रतियोगिता की सफलता और आयोजन के लिए स्कूल प्रशासन का आभार प्रकट किया। जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में अंकिता जांगडा शिवम सीनियर सैकंडरी स्कूल लोहानी प्रथम, अनुशंका दीप सांईस एकेडमी भिवानी द्वितीय तथा भावना राइजिंग स्टार कान्वेंट स्कूल और साक्षी एंजल वीणापानी स्कूल धारेडू संयुक्त रूप से तृतीय रही।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

## सांस्कृतिक उत्सव | नई शिक्षा नीति में शिक्षा के साथ खेल व संस्कृति भी जरूरी: सुभाष

# विद्यार्थियों ने हरियाणा की संस्कृति व परंपराओं की दुनिया में बनाई पहचान

दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिवानी

मॉडल संस्कृति स्कूल में हरियाणा स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक के निर्देशानुसार भिवानी शिक्षा विभाग के द्वारा दो दिवसीय सांस्कृतिक धरोहर मुल्यों व पर्यावरण पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। पहले दिन कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 5 से 8 तक के खंड स्तर पर विजेता विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यअतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डा. निर्मल दहिया, विशिष्ट अतिथि मौलिक शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज, बहल बीईओ सुरेन्द्र, लोहारू बीईओ विजय प्रभा व विद्यालय प्राचार्या सविता घणघस ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नोडल अधिकारी संजय सैनी ने की। कार्यक्रम में मंच संचालन दीप माला शर्मा व निरज ने किया। कार्यक्रम का लाईव प्रसारण प्रवक्ता राकेश वधवा व शैलेस ने किया। कार्यक्रम संयोजक संजय सैनी ने बताया कि कनिष्ठ वर्ग में एकल नृत्य, समुह नृत्य, नाटिका व रागनी का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान पर रहने वाली टीम को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा। मुख्यअतिथि निर्मल दहिया ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों को प्रतिभा दिखाने अपितु अपनी संस्कृति को भी निखारने का मौका मिलता है।



**भिवानी।** कार्यक्रम में मंचासीन डीईओ व अन्य अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### इन्हे दिया सफलाता का श्रेय

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्राचार्या सविता घणघस, प्रवक्ता प्रवेश गौतम, डा. अनिल पिंकी, डा. प्रोमिला सुहाग, मदन गोपाल, बबीता, प्राचार्य पवन शर्मा, जितेन्द्र शास्त्री, जयबीर नाफरिया, रोकेश रोहिल्ला, शलेस, कमल शर्मा, प्राचार्या सुदेश चौहान, लक्ष्मण गौड़ का विशेष योगदान रहा।

### पराली प्रबंधन आर्थिक मजबूती का रास्ता: डीसी

- पराली जलाने पर होगी सख्त कार्रवाई: डॉ. मुनीश

**चरखी दादरी।** धान की कटाई के बाद खेतों में जलाए जाने वाले फसल अवशेषों का अगर सही प्रबंधन किया जाए तो ये किसानों की आर्थिक मजबूती में अहम साबित हो सकता है, ये बात डीसी डॉ. मुनीश नागपाल ने कही। उन्होंने कहा कि अवशेष ऊर्जा और आय का अच्छा साधन बन सकते हैं, इसे लेकर सरकार द्वारा महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। हरियाणा सरकार की योजना के तहत बायोमास उद्योगों और एग्रीगेटर्स को 1.5 करोड़ रुपये तक की परियोजना पर 65 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जाता है। उपायुक्त डॉ. नागपाल ने किसानों से फसल अवशेष ना जलाकर इसका प्रबंधन करने की अपील की है।